
# अंक 8

# श्री सोमनाथेश्वर समाचार

श्री सोमनाथेश्वर सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरण जागरूकता, धार्मिक, योग एवं आध्यात्मिक चेतना ग्रुप द्वारा संचालित त्रैमासिक ई-पत्रिका



## सम्पादक मंडल

समाचार संकलन
राजेश एवं कमला फुलोरिया
उमेश फुलोरिया
संपादन
भारत एवं नवीन फुलोरिया
परामर्श
आचार्य प्रकाश फुलोरिया

**सहयोग : समस्त ग्रामवासी**


-अपनी बात
- बधाई
- उपलब्धि
- वरिष्ठ सदस्य जीवन परिचय
- ग्राम विकास गतिविधियां
- ग्राम समाचार
– उभरती प्रतिभाएं
- मासिक बैठक




अक्टूबर-दिसंबर 2025
WWW.SHREESOMNATHESHWAR.ORG

# अपनी बात

श्रीसोमनाथेश्वर समाचार का आठवां अंक (अक्टूबर- दिसंबर 2025) आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए आप सभी ग्राम वासियों, प्रवासियों और परिजनों को नववर्ष की अनेकानेक शुभकामनाएं। श्री सोमनाथेश्वर समाचार को प्रकाशित हुए दो साल पूरे हो गये हैं। इस ई- पत्रिका का उद्देश्य न केवल गांव व आसपास के क्षेत्र के समाचारों का संकलन है बल्कि सभी ग्राम वासियों व प्रवासियों को आपस में जोड़ना भी है। जैसा कि हम पहले लिख चुके हैं कि अपने परिवार की प्रगति से सम्बंधित कोई भी समाचार चाहे वह परिवार में नये जन्म,उपनयन, यज्ञोपवीत, विवाह, बच्चे की शैक्षिक उपलब्धि, प्रमोशन आदि से सम्बंधित हो, हमें चित्र सहित भेजें। हम उसे प्रकाशित करेंगे। यह खुशी की बात है कि अब आप समाचार के पुराने अंक श्रीसोमनाथश्वर समिति की वैव साइट पर भी देख सकते हैं।

इस बीच में हमारे गांव पंचायत की सपथ ग्रहण के बाद प्रथम बैठक हो चुकी है । हमें उम्मीद है कि नव निर्वाचित सदस्यों ने ग्राम विकास की अपनी प्राथमिकताओं को तय कर लिया होगा एवं उसी के अनुरूप कार्य आगे बढ़ेगा, ऐसी उम्मीद है।

इस अंक से हम अपने गांव अथवा आसपास के गांवों के प्रतिभाशाली बालक और बालिकाओं का परिचय कराएंगे जिन्होंने अपने क्षेत्र में कुछ उल्लेखनीय कार्य किए हैं या कर रहे हैं । इसकी पहली कड़ी के अंतर्गत हम श्री चमन लाल वर्मा जो भटोली गांव निवासी हैं,का परिचय प्रस्तुत कर रहे हैं। श्री चमन वर्मा के कार्य कलाप आप उनके इंस्टाग्राम खाते chaman_verma7453 पर देख सकते हैं।आज के समय में जब
नई पीढ़ी नशे के जाल में उलझ रही है ,श्री चमन न केवल स्वयं बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं वरन् अपने साथ आसपास के बच्चों को भी प्रशिक्षण दे रहे हैं। श्री चमन को उज्जवल भविष्य के लिए बहुत बहुत शुभकामनाएं

भारत एवं नवीन फुलोरिया

# बधाई



10 दिसंबर 2025 के दिन श्री रविशंकर  पुत्र स्व भगवती प्रसाद फुलोरिया को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। । इस उपलब्धि पर चिरंजीवी बच्चे के माता-पिता , ज्योतिका-रविशंकर और समस्त परिवार को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं।



## लोरिया को स्काउट गाइड का सर्वोच्च सम्मान मिला

ल्मोड़ा। जिला संगठन आयुक्त स्काउट अल्मोड़ा
ंबर फुलोरिया को स्काउट गाइड का सर्वोच्च प्रशिक्षण
त करने पर एलटी स्काउट विंग पछमढ़ी का ओनरेबल
र्ज मिला है। उनके प्रदेश के दूसरे एलटी स्काउट
क्षक और स्काउट संस्था के राष्ट्रीय प्रशिक्षक टीम का
सा बनने पर जिला स्काउट गाइड संस्था एवं मुख्य
युक्त डीईओ चंदन सिंह बिष्ट,खंड शिक्षा अधिकारी
रवि मेहता, पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन अध्यक्ष
मनोज कुमार जोशी, सचिव धीरेंद्र कुमार पाठक, डॉ
जा भूषण जोशी, संजय जोशी आदि ने उन्हें शुभकामनाएं दी है। संवाद

दिगंबर फुलोरि

# बधाई




29 नवम्बर 2025 को श्रीसोमनाथेश्वर समिति के महिसचिव श्री राजीव फुलोरिया की सुपुत्री सौभाग्यवती सुरभि को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। सुरभि -रजत एवं दोनों परिवारों को बहुत-बहुत बधाई और नवजात शिशु को आशीर्वाद।

हमारे सीनियर साथी श्री शिव शरण फुलोरिया पुत्र स्व बाला दत्त फुलोरिया को श्री सोमनाथेश्वर विकास समिति का  लाइफ टाइम सदस्य बनने पर बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं



# उपलब्धि










वरुण फुलोरिया पुत्र श्री भुवन चन्द्र पौत्र श्री ललित मोहन फुलोरिया द्वारा एक पुस्तक , "Harsh but true realities" शीर्षक से लिखित व प्रकाशित की गई है। मात्र 12वर्ष की अल्प आयु में यह उपलब्धि हासिल करना बच्चे के उज्जवल भविष्य का संकेत है। चिरंजीवी वरुण, माता पिता एवं समस्त परिवार को इस उपलब्धि के लिए बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं

# उपलब्धि




**श्रीमती चित्रा फुलोरिया द्वारा संकलित और पुनर्लेखित पुस्तक "देश-विदेश की रोचक लोक कथाएं " सस्ता साहित्य प्रकाशन से प्रकाशित होकर नई दिल्ली में चल रहे विश्व पुस्तक मेले में आई है। चित्रा को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं**

# उपलब्धि






**पावर सैक्टर स्किल डेवलपमेंट काउंसिल द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री नवीन फुलोरिया ,मांस्टर ट्रेनर द्वारा दिसंबर 2025 में पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड के जुनियर टैक्नीशियन को PSPCL के पटियाला ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण दिया गया।**

# उपलब्धि






**श्री प्रदीप फुलोरिया (भोला) द्वारा**
**ब्यास रुप में**
**दि 7-15 नवम्बर तक कापसहेड़ा (दिल्ली) में**
**श्रीमद् भागवत कथा का पारायण किया गया।इस उपलब्धि पर भोला जी को बधाई।**

# वरिष्ठ सदस्य-जीवन परिचय-5



श्री बाला दत्त  फुलोरिया

मेरा जन्म ग्राम आदिग्राम फुलोरिया में स्व लक्ष्मी देवी और स्व रघुवर दत्त फुलोरिया  के घर में 25 फरवरी 1939 के दिन हुआ।मेरे दादा जी का नाम माधवानंद और दादी का नाम खिमुली देवी है। मेरी प्राथमिक शिक्षा गांव के प्राइमरी स्कूल से हुई । आठवीं की परीक्षा मासी से सन् 1954  में उत्तीर्ण की। हाईस्कूल की परीक्षा 1956 में मिशन इंटर कालेज रानीखेत से और इंटरमीडिएट सन् 1958 में मिशनरी स्कूल द्वाराहाट से पास किया। इंटरमीडिएट द्वाराहाट से करने के समय द्वाराहाट से गांव हर शनिवार को आना जाना 12-14 किमी का  सफर पैदल ही तय करते थे। क्यों कि तब आज की तरह परिवहन की सुविधाएं नहीं थी।एक बार तो रास्ते में बाघ भी मिला था।

मैंने उसके बाद 1960 में लखनऊ विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की। बड़ी कठिन आर्थिक परिस्थितियों में पढ़ाई पूरी की।उसके बाद 1962 में मैंने आई आई टी दिल्ली में रसायन विज्ञान विभाग में नौकरी प्रारंभ की और 37 वर्ष की सेवा के पश्चात 1999  में सीनियर टैक्निकल आफीसर के पद से अवकाश ग्रहण किया।मेरा विवाह सन् 1965 में ताड़ीखेत के खाई गांव में पाठक परिवार में तारा देवी से हुआ। बचपन से  कठिनाईयां ही देखी और उसी से कठिन परिश्रम करने की सीख मिली। मैंने अपनी सेवा अवधि पूरी लगन, निष्ठा और ईमानदारी से सम्पन्न की जिसके परिणामस्वरूप आई आई टी के रजत जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में 1986 में सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का सम्मान मिला।इसे मैं अपने जीवन की सर्वोच्च उपलब्धि मानता हूं।



परिवार के साथ

नई पीढ़ी के लिए मेरा यह संदेश है कि  वे मेहनत से आगे बढ़ें और हर कार्य में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का प्रयास करें , सफलता निश्चित ही उनके कदम चूमेगी।जब भी समय मिले, गांव आते जाते रहें और अपने सोमनाथ मंदिर व बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते रहें

(सम्पादक की ओर से)
श्री बाला दत्त जी के भरे पूरे परिवार में एक पुत्री वन्दना ,दो पुत्र हैं, सभी विवाहित हैं। बड़े पुत्र बिपिन क्रिभको में कम्पनी सचिव हैं तथा उनकी धर्मपत्नी दिल्ली जल बोर्ड में सीनियर साइंटिफिक आफीसर हैं उनकी बड़ी पुत्री आस्था वकील हैं तथा छोटी पुत्री ईषिता आई आर एस अधिकारी हैं। छोटे पुत्र प्रमोद और उनकी धर्मपत्नी दोनों पेशे से इंजीनियर हैं। उनके दो बच्चे,एक पुत्री और पुत्र दोनों अध्ययन रत हैं। समस्त परिवार को श्री सोमनाथेश्वर समाचार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# ग्राम विकास गतिविधियां





# ग्राम प्रधान द्वारा सोलर लाइट का रख रखाव/ मरम्मत कार्य





# मुख्य रास्ते के आसपास झाड़ियों की सफाई









# न्याय पंचायत आदिग्राम फुलोरिया वार्ड सदस्यों का शपथ ग्रहण और प्रशिक्षण






# न्याय पंचायत आदिग्राम फुलोरिया वार्ड सदस्यों का शपथ ग्रहण





# ग्राम समाचार







27 दिसंबर के दिन सुबह 9.30 बजे बाघ (तेंदुए)ने श्री उमेश पुत्र श्री चन्द्र प्रकाश फुलोरिया के बाईक के ऊपर श्री सोमनाथेश्वर मंदिर के पास मोटर रोड में छलांग लगाई जिसके कारण ग्राम वासियों में भय व्याप्त है। तेंदुए को पकड़ने के लिए ग्राम वासियों ने बन विभाग को ज्ञापन दिया तथा पकड़ने के लिए पिंजरे की ब्यवस्था की गई । हालांकि पहले भी शाम के समय आने जाने वालों को कई बार तेंदुआ दिखाई दिया है लेकिन नुकसान आज तक किसी को भी नहीं पहुंचाया है।

# ग्राम समाचार

श्री सोमनाथेश्वर विकास समिति के तत्वावधान में श्री राम दरबार के लिए अलग भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। शीघ्र ही राम दरबार की शुभ मुहूर्त में स्थापना की जाएगी। श्रद्धालुओं से निवेदन है कि इस शुभ कार्य के लिए पूर्ण सहयोग करें।



# उभरती प्रतिभा





आज इस अंक से हम एक नये कालम की शुरुआत कर रहे हैं जिसका उद्देश्य अपने गांव व आसपास के क्षेत्र में बिखरी हुई प्रतिभाओं से आपका परिचय कराना है। इस पहली कड़ी में आज हम आपको 24 वर्षीय श्री चमन लाल वर्मा से रूबरू कराते हैं।श्री चमन पड़ोसी गांव भटोली के ब्रजलाल जी के सुपुत्र हैं ।चमन ने बहुत कम समय में फिजिकल फिटनेस और मीडिया इन्फ्लूएंसर के रुप बहुत नाम कमाया है। आज इंस्टाग्राम में इनके नौ लाख फालोवर हैं। अक्सर इनको श्रीनाथेश्वर मंदिर के मैदान में आसपास के बच्चों को प्रशिक्षण देते हुए देखा जा सकता है।चमन के उज्जवल भविष्य के लिए बहुत बहुत शुभकामनाएं

# श्री चमन वर्मा बच्चों को प्रशिक्षण देते हुए









# फुलोरिया बन्धु एवं मित्र संगठन





नवम्बर माह की बैठक श्री चन्द्र प्रकाश फुलोरिया (दीपू) पुत्र श्री गोपाल दत्त फुलोरिया जी के निवास बुलन्दशहर में

# फुलोरिया बन्धु एवं मित्र संगठन





**दिसम्बर माह की बैठक श्रीमती दीपा फुलोरिया जोशी और श्री प्रवीण चन्द्र जोशी के निवास पर**